>

Title: Need to provide additional funds to Rajasthan for the overall development of the State - Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राज्य के सुधार की सुविधा के तहत राजस्थान को कम राशि दी जाती है, जबकि अन्य राज्यों को अधिक राशि दी जा रही है। राजस्थान एक विशाल मरूस्थलीय पहाड़ी और भारत के सम्पूर्ण राज्यों में सबसे बड़ा राज्य है। जहां की खेती वर्षा पर ही निर्भर है और राजस्थान को हिन्दुस्तान के पानी का कुल एक प्रतिशत ही पानी मिलता है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान को राजकोषीय सुविधा के तहत राज्य को अधिक प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए, जिसके लिए अभी तक वंचित रहा है, जिससे कि इसके विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है।